Title: Regarding need to direct Coal India Limited to generate electricity by applying the method of burning under ground coal at Medata in Nagaur district, Rajasthan.

(xi) Need to direct Coal India Limited to generate electricity by applying the method of burning under ground coal at Merta in Nagaur district, Rajasthan

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी जानकारी में लाना चाहूंगा कि 25 सालों से भी अधिक समय हो गया है जब कोल इंडिया लि0 मेडता जिला नागौर, राजस्थान के कोयले की जानकारी हेतु कुयें खुदवाये थे । इसी कोल्स लि0 ने वर्ा 1995 में रूस के विशेज्ञ दल को, जो कि स्कोचिन स्कोइ इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग व वीओ मशीनोम्पोट, जो रूस की कम्पनी है, को उक्त कोयले के कुओं के संबंध में किस तरह से कोयले का उपयोग लिया जा सकता है । विशेज्ञ रिपोर्ट बनाने के लिए नियुक्त किया। कोल्स इंडिया लि0 को जानकारी थी कि उक्त भू-भाग में जो कोयला मिला है वह अच्छी श्रेणी का नहीं है तथा भूमि से कोयला बाहर निकालने में अत्यधिक खर्चा आयेगा। इस कम्पनी ने कोयले की गैस से विद्युत उत्पादन हेतु जानकारी देने की विशेज्ञ रिपोर्ट देने हेतु कहा गया था। उक्त विशेज्ञ दल के दिनांक 21.02.1995 को अपनी रिपोर्ट तैयार की व कोल इंडिया लि0 को प्रस्तुत की। इस संबंध में पूर्व में भी मैंने राजस्थान सरकार के माध्यम से वहां विद्युत उत्पादन परियोजना लगाने के लिए चेटा की थी। परन्तु, किसी कारणवश ऐसा संभव नहीं हुआ। ऐसी ही परिस्थितियों में अब ऑयल और गैस कॉर्पोरेशन लि0 ((ओएनजीसी) भारत ने पब्लिक सैक्टर में कोल्स इंडिया लि0 व नेवेली लिग्नाइट कॉ0 लि0 के सहयोग से एक योजना जो कि भूमि गत कोयले को जलाकर गैस उत्पादन कर विद्युत पैदा करने की बनायी है, जैसा कि मुझे समाचार पत्र बिजनिस स्टैण्डर्ड-14 दिसम्बर, 2004 के पूठ 14 पर छपने से ज्ञात हुआ है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान में मेडता जिला नागौर में इसी विधि से विद्युत उत्पादन करने के लिए कोल्स इंडिया लि0 को आवश्यक निर्देश दें।